हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 30 अगस्त 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

### कुमार विश्वास के ओजस्वी कविता पाठ से गूंजा चक्रधर समारोह, दर्शक भाव विभोर



## खबर संक्षेप

### फडतरे चिकित्सा विभाग के नोडल अधिकारी नियुक्त

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक फडतरे को उनको सौंपे गये कर्तव्यों के अतिरिक्त चिकित्सा विभाग का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सहायक कलेक्टर फडतरे जिला चिकित्सालय में प्रति सप्ताह बैठक आयोजित कर विभाग से संबंधित समस्त योजनाओं एवं गतिविधियों की सूक्ष्मता से समीक्षा तथा आने वाली समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करेंगे।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम गुल्लू निवासी एतवा राम का नदी के पानी में डूबने से 22 मई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी एतवारी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 8612.7 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 8612.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 29 अगस्त तक की स्थिति में 8268.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 3.1 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 993.6 मिमी, मनोरा में 1061.3 मिमी, कुनकुरी में 1227.6 मिमी, दुलदुला में 542.9 मिमी, फरसाबहार में 692.8 मिमी, बगीचा में 932.1 मिमी, कांसाबेल में 804.5 मिमी, पत्थलगांव में 750.1 मिमी, सन्ना में 1000.7 मिमी एवं बागबहार में 607.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### बाघ की दहाड़ से भयभीत ग्रामीण, मिला पद चिन्ह

**अम्बिकापुर/बिहारपुर।** बाघ की दहाड़ से एक बार फिर सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के ग्रामीण दहल गए हैं। क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बाघ की दहाड़ सुनाई दे रही है। जंगल में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि होने के बाद वन अमला सतर्क हो गया है तथा दिन-रात बाघ की चौकसी करने के साथ ही ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए जागरूक कर रहा है। गुरू घासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का जंगल वन्य जीवों के लिए सुरक्षित रहवास क्षेत्र माना जाता है। जंगल में पर्याप्त संख्या में शाकाहारी वन्य जीव उपलब्ध होने के कारण बीच-बीच में अपने लिए नए रहवास क्षेत्र की तलाश में संजय राष्ट्रीय उद्यान से बाघ एवं तेंदुए की आवाजाही होती है। कई बार हिंसक वन्य जीव लम्बे समय तक विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के उपरांत वापस संजय नेशनल पार्क की ओर लौट जाते हैं वहीं कई बार पलामू टाइगर रिजर्व तक का सफर करते हैं। पिछले तीन सालों से क्षेत्र में लगातार हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही हो रही है। इसे क्षेत्र के पर्यावरण एवं वन्य जीवों के विकास की दृष्टि से अच्छा माना जा रहा है। मंगलवार को जंगल में मवेशियों को चराने गए चरवाहों ने ग्राम मुण्डा के जंगल में बाघ को घूमते देखा था। बाघ को देखने के बाद चरवाहे अपने मवेशियों को लेकर तत्काल वापस लौटे एवं अन्य ग्रामीणों को जानकारी दी। जंगल में बाघ मौजूद होने की सूचना पर बुधवार को वनकर्मियों ने इसकी पुष्टि करने जंगल का भ्रमण किया तो कई स्थानों पर बाघ के पदचिन्ह मिले। मंगलवार को कुछ ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत मोहरसोप अंतर्गत ग्राम मचबंधी पारा स्थित बेतझरिया नाला को दोपहर ढाई बजे बाघ को नाला पार करते देखने की बात कह रहे हैं। जंगल में बाघ की मौजूदगी की सूचना पर क्षेत्र के ग्रामीण काफी भयभीत हैं।

## कोतबा में शोक की लहर..!

# नपं के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष का सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नगर पंचायत के भूतपूर्व व नप.के दूसरे निर्वाचित उपाध्यक्ष रहे छोटे लाल साहू का गुरुवार शाम लगभग 6 बजे लैलूंगा रोड़ के रोकबहार मुख्यमार्ग पर एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई.घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई.डॉक्टरों ने उनके सिर,नाक,और सीने में गंभीर चोट होने बात कही.



■ साथ बैठे बालक व मित्र को नहीं आई खरोच

इस घटना में उनके साथ एक 7 वर्षीय बालक सहित उनके एक मित्र भी बैठे थे.जिन्हें खरोच तक नही आई.घटना की जानकारी मिलते ही आसपास गांवों सहित नगर में शोक की लहर दौड़ पड़ी एकाएक लोगों हुजूम उमड़ पड़ा और उनकी लोकप्रियता को देखते हुये पुलिस ने शव को अस्पताल में रखा। आपको बता दें कि स्व.साहू लगभग 60 वर्ष के थे वे मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे.स्थानीय लोगों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी लोकप्रियता थी.वे सभी के बातों को एकाग्रता से सुनते थे.लंबे समय से वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुये थे.इसी कारण उन्हें नगर पंचायत के गठन के दूसरे बार मे ही भाजपा ने उपाध्यक्ष का उम्मीदवार बनाया और वे नगर के दूसरे उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुये थे. शुक्रवार के लगभग 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई.जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल हुये उनके असामयिक मौत ने सभी को झकझोर दिया. लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई.इन दिनों कोतबा से मालवाहक वाहनों की कतारें ऐसी होती है कि आये समय सड़क जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है.इस मार्ग से उड़ीसा,झारखंड, पश्चिमबंगाल सहित बड़े-बड़े महानगरों में ओवर लोड मालवाहक तेज रफ्तार दौड़ रही हैं. जिससे आये दिन ऐसी घटनाएं होती रहती है।

### मुख्यमंत्री साय बिहान के दीदियों से करेंगे संवाद कल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के अंतर्गत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से ''दीदी के गोठ नामक रेडियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इस श्रृंखला का पहला प्रसारण 31 अगस्त 2025, दिन रविवार को दोपहर 12:15 बजे आकाशवाणी के समस्त केंद्रों से होगा। इस विशेष प्रसारण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदेश की सभी बिहान दीदियों को संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानियां साझा करेंगी, जो अन्य समूहों के लिए मार्गदर्शक साबित होंगी।''दीदी के गोठ कार्यक्रम के माध्यम से बिहान से जुड़ी दीदियों के कार्यों, उनकी उपलब्धियों तथा आजीविका संवर्धन के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी प्रदेशभर में प्रसारित होगी। यह पहल न केवल स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहित करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में और अधिक प्रेरणा भी प्रदान करेगी।

# पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

क्षेत्र में फरवरी माह में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने गांव के ही आरोपी सुखनंदन भूइहर 29 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मृतक विनोद भूइहर 50 वर्ष की मौत को परिजन स्वाभाविक बताकर अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, लेकिन मृतक की बहन की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम व फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर हत्या का खुलासा हुआ।

### बहन की रिपोर्ट पर हुई थी कार्रवाई

मृतक विनोद भूइहर की बहन विमला प्रधान निवासी पंडरीडीपा सुंदरगढ़ उड़ीसा ने 26 फरवरी को चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि गांव पहुंचने पर उन्होंने अपने भाई को मृत अवस्था में देखा उसके सिर और कपड़ों पर खून था, जबकि घर वाले अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। संदेह गहराने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम कराया।

### फोरेंसिक रिपोर्ट ने खोला राज

डॉक्टर की पीएम रिपोर्ट और फोरेंसिक टीम की जांच में स्पष्ट हुआ कि विनोद भूइहर की मौत स्वाभाविक नहीं बल्कि हिंसक हमले से हुई थी। इसके आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हालांकि शुरुआत में मृतक के परिजन और पत्नी डर के कारण कुछ नहीं बता पा रहे थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### डीजे कार्यक्रम से लौटते वक्त हुई वारदात

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि 25 फरवरी को गांव में सरपंच बनने की खुशी में डीजे कार्यक्रम रखा गया था। मृतक विनोद भूइहर अपनी पत्नी तिजो बाई, बेटी और बेटे के साथ कार्यक्रम देखकर लौट रहे थे। रास्ते में गांव का ही आरोपी सुखनंदन भूइहर मिला और मृतक की पत्नी से छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने विनोद पर हमला किया और उसके सिर को बार-बार सीसी रोड पर पटका। गंभीर चोट लगने से विनोद की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ने मृतक की पत्नी और बेटी को धमकी दी,कि यदि उन्होंने घटना की जानकारी किसी को दी तो उनकी भी हत्या कर दी जाएगी। भयभीत होकर पत्नी और परिजन चुप रहे और मामले को छिपाने की कोशिश की।

### आरोपी ने कबूल किया जुर्म

पुलिस ने मुखबिर की सूचना और गुप्त जांच के बाद मृतक की पत्नी को विश्वास में लेकर पूछताछ की, तब पूरी घटना सामने आई। ⏭ शेष पेज 4 पर

# ग्रामीण अंचल में गणेश महोत्सव की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्रामीण अंचल में इस वर्ष श्री गणेश महोत्सव बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। नव युवक श्री गणेश पूजन समिति, गरियादोहर द्वारा आयोजित इस महोत्सव में जहां सुबह-शाम भक्ति गीतों और आरती से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है, वहीं शाम को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रामीणजन और बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।



लिटिल चैंप में नन्हें बच्चों ने बिखेरी अपनी प्रतिभा।

### लिटिल चैंप स्पर्धा ने मोहा मन

गुरुवार की संध्या आरती के पश्चात समिति की ओर से "लिटिल चैंप" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग व मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने भजन, नृत्य के माध्यम से गणपति बप्पा की महिमा का बखान किया, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान यादव एवं दुर्गा बाई को मिला, जिन्होंने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

विजेताओं को समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को मंच मिलता है और उनकी छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रंगोली, ज्ञान प्रश्न उत्तरी आयोजन होगा, जिससे श्री गणेश महोत्सव और भी आकर्षक और यादगार बनेगा।

# तीन दिवसीय हॉकी स्पर्धा का विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी के मैदान में तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने शुभारम्भ किया।

■ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर आयोजित

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एसडीएम व्हीआर मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी



हॉकी स्टिक लेकर फील्ड पर गोल दागकर विधायक ने बढ़ाया प्रतिभागियों का हौसला।

उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती भगत ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए ब्रिटिश शासन में पराधीनता एवं सीमित संसाधनों के बावजूद फटे जूतों और बिना संसाधनों के उन्होंने देश को स्वर्ण पदक दिलाया था। उनके ओलंपिक में प्रदर्शन से खुश होकर हिटलर तक ने उन्हें अपना देश छोड़ जर्मनी की ओर से बड़े ओहदे और वेतन की पेशकश की पर उन देशभक्त ने सब कुछ त्याग कर मरते दम तक देश सेवा के लिए समर्पित रहे। आज हमें पूर्ण आजादी है हम जो चाहें वो बन सकते हैं। खेल के क्षेत्र में भी आज अपार संभावनाएं हैं। हमें अपने पसंद के खेल का चयन कर उसमें प्रावीण्यता हासिल करनी चाहिए। खेल के साथ पढ़ाई को भी साथ में लेकर चलना आवश्यक है। इस अवसर पर कलेक्टर ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों ने हॉकी स्टिक से डोम बनाकर सभी का सम्मान किया। इस दौरान विधायक ने स्वयं हॉकी की फील्ड पर उतर कर हॉकी स्टिक से हांथ आजमाया जहां उन्होंने शूट आउट में भाग लेकर गोलकीपर को पार कर गोल किया। वहीं जनपद सीईओ, कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर ने भी हॉकी स्टिक लेकर फील्ड पर हाथ आजमाया। सभी ने शूटआउट में शॉट खेल कर सभी का उत्साहवर्धन किया।

# एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बाहरवें दिन भी पूरे उत्साह के साथ प्रदर्शन जारी रहा। संघ से शासन पक्ष से किसी प्रकार की पहल के संबंध में पूछे जाने पर बताया गया कि अभी तक शासन स्तर से किसी भी प्रकार से कोई सार्थक पहल नहीं की गई है।

■ संघ ने कहा संविदा कार्यकाल के 20 वर्ष बाद भी सुनवाई नहीं

और नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के लिए जो समिति बनाई गई के द्वारा व स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा हमारी पांच मांगों के संबंध में मीडिया के के समक्ष जो वक्तव्य दिया जा रहा है कि शासन ने हमारी पांच मांगों को पूरा कर दिया है। वह सरासर गलत है। शासन ने सिर्फ एक मांग कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता को ही पूरा किया गया है, शेष चार मांग में शासन ने अपनी दोहरी मानसिकता दिखाते हुए हमारे मुल मांग को तोड-मरोड आदेश जारी किया है ।



धरना स्थल पर एनएचएम कर्मचारी।

**सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में रेखांकित किया:** यद्यपि पद सृजन कार्यपालिका का विशेषाधिकार है, लेकिन पद न सृजित करने का निर्णय भी न्यायिक समीक्षा से बाहर नहीं है। अदालत ने प्रशासन को चेताया कि कर्मचारियों के मानवीय पहलुओं की अनदेखी करना संविधान की भावना के खिलाफ है। किंतु फिर भी शासन अपनी दमनात्मक नीति को ही सर्वोपरि मान रही है। जिसका उदहारण उसके द्वारा कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जारी किया जाने वाला आदेश है। जिसमें कार्यवाही का डर दिखाकर काम पर लौटने का दबाव बनाया जाना है।

### देश के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में लंबे समय से जारी 'एड-हॉकिज्म' यानी अस्थायी और संविदा नियुक्तियों की प्रथा पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि अस्थायी लेबल के तहत नियमित श्रम का निरंतर शोषण जनता का विश्वास कमजोर करता है और यह संविधान द्वारा गारंटी दिए गए समान संरक्षण के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए साफ किया कि सार्वजनिक रोजगार की नींव निष्पक्षता, तर्कसंगतता और काम की गरिमा पर टिकी होनी चाहिए, न कि बजट संतुलन के नाम पर कर्मचारियों पर बोझ डालकर। किन्तु छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा बजट का हवाला देकर सिर्फ कर्मचारियों का शोषण और अधिकारों का हनन करना ही रह गया है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण मेला व महिला जागृति शिविर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण मेला, महिला जागृति शिविर, बाल मेला, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर परियोजना पत्थलगांव के सेक्टर करमीटिकरा के आंगनबाड़ी केंद्र पकरीढाप में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा चित्र निर्माण, छोटा बड़ा अक्षर पहचान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलकूद एवं खिलौना निर्माण भी किया गया। इसमें आंगनबाड़ी के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी प्रकार पुराइनबंध सेक्टर में बैठक लेकर प्रथम गर्भवती माताओं और शिशुवती माताओं को पोषण आहार की जानकारी देते हुए पोषक ट्रैकर ऐप्प के माध्यम से आवेदन भरने हेतु मापदण्ड के अनुसार माताओं का नाम वार जानकारी प्राप्त कर प्रथम गर्भाधान करने वाली 07 आवेदिकाओं को चिन्हांकित करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना अंतर्गत उनका आवेदन भरा गया और अन्य महिलाओं को भी योजना की जानकारी दी गयी।



पोषण आहार मेला में जानकारी प्राप्त करती महिलाएं।

## जिले के खिलाड़ियों ने बिखेरी प्रतिभा की स्वर्णिम चमक

# प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची जशपुरिहा खिलाड़ियों की धमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खेल दिवस विशेष

आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले के खिलाड़ियों ने अपने मेहनत और प्रतिभा से छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा की चमक बिखेरी है। खिलाड़ियों ने तीरंदाजी,ताईक्वांडों और तैराकी में गोल्ड मेडल जीत कर राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिस्पर्धाओं में जगह बनाने में सफलता हासिल की। सफलता से उत्साहित इन खिलाड़ियों और उनके कोच की निगाहें अब राष्ट्रीय टीम में जगह बना कर अंतर्राष्ट्री प्रतियोगिताओं में चमक बिखरने की है।



ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने रचा इतिहास।



सोना पर निशाना तिरंदाज।

**तैराकी में खत्म स्वर्ण पदक का इंतजार**

एकलव्य अकादमी के तैराकों ने जिले को पहली बार खेल के इस विद्या में दो स्वर्ण पदक दिला कर आशा की नई उम्मीद जगाई है। दरअसल आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में बच्चे शौक से तैराकी में माहिर हो जाते है। बच्चों को आप कुआं,डेम और नदियों में कुदते और तैरते हुए आसानी से देख सकते है। प्रशासन का लक्ष्य इस ⏭ शेष पेज 4 पर

**सात अर्जुनों ने साधा सोना पर निशाना:** तीरंदाजी को जिले की विशिष्ठ पहचान बनाना जिला प्रशासन और जशपुरवासियों की महत्वाकांक्षा है। इसके लिए एकल्व्य एकादमी शुरू किया। खनिज न्यास निधि से शुरू हुए इस कोचिंग संस्था में 10 बच्चों को तीरंदाजी के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। इसका अच्छा परिणाम भी सामने आया। वर्ष 2023 से लेकर जशपुर के युवा तीरंदाजों ने 7 स्वर्ण पदक जीत कर पहली बार जशपुर का नाम इस क्षेत्र में स्थापित किया। जशपुर के तीरंदाजों ने वर्ष 2022 में 03, 2023 में 2 और 2024 में 2 स्वर्ण पदक जीते।

**इसलिए महत्वपूर्ण है यह सफलता:** जिले में निवास करने वाली विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा को जन्म से ही तीर और धनुष चलाने में महारत हासिल होती है। पहाड़ी कोरवाओं की इसी महारत को निखार कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का लक्ष्य यहां के प्रशासन का है। शुरूआती दौर की यह सफलता दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणादायक है। इस सफलता से उत्साहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सन्ना तहसील में तीरंदाजी अकादमी की घोषणा की है।

**ताईक्वांडो के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास:** मार्शल आर्ट विधा का खेल ताईक्वांडो में जशपुर के खिलाड़ियों ने सफलता का नया इतिहास रचते हुए राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं में 40 गोल्ड मेडल जीत लिये। खिलाड़ियों ने 2023 में 17, वर्ष 2024 में 09 और 2025 में 14 स्वर्ण पदक हासिल किए। जिला प्रशासन ने इन खिलाड़ियों को अभ्यास के लिये डीईओ कार्यालय के पास विशेष इनडोर ताईक्वांडो स्टेडियम और कोच की सुविधा उपलब्ध कराई है।


गणेश उत्सव समिति, श्री राम चौक, शिवनन्दनपुर।


गणेश पूजा युवा समिति, मण्डलपारा, गुदरी गली, नगर पंचायत शिवनन्दनपुर।


श्री राम भक्त हनुमान मंदिर पुराना यज्ञ शाला गणेश पूजा समिति अम्बेडकर चौक, बिश्रामपुर।


मेन मार्केट, राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण, गणेश उत्सव समिति शिवनन्दनपुर।

## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पहले हो सख्त जांच : अनूप



**बिश्रामपुर/सोनगरा।** जिले में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर अब राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुप सिन्हा ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि किसी भी व्यक्ति को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व उसकी सूक्ष्म जांच अनिवार्य रूप से की जाए। श्री सिन्हा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि हाल ही में बिहार राज्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया गया। इसी तर्ज पर अब चुनाव आयोग पूरे देश में यह प्रक्रिया लागू करने जा रहा है। इसके अंतर्गत 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे वे नागरिक जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उन्हें अपने जन्म की तिथि और स्थान का ठोस प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। श्री सिन्हा ने आशंका जताई है कि जिले में कई लोग इस व्यवस्था का दुरुपयोग करते हुए वर्षों पूर्व अपने पूर्वजों के नाम से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने पत्र में उल्लेख किया है कि अवैध रूप से आए घुसपैठिए इस तरह से नकली दस्तावेज बनवाकर भारत की नागरिकता का दावा कर सकते हैं जो राष्ट्रहित के लिए घातक होगा। भाजपा उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग किया है कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए शिशु के माता-पिता की स्थानीय उपस्थिति और प्रमाणों की कड़ी जांच हो। मृत्यु प्रमाण पत्र केवल तभी जारी हो जब यह सुनिश्चित हो जाए कि मृतक व्यक्ति का जीवनकाल वास्तव में जिले में व्यतीत हुआ हो। किसी भी प्रकार के संदिग्ध आवेदन पर विभाग विशेष सतर्कता बरते और जांच पूरी होने तक प्रमाण पत्र जारी न किया जाए।। श्री सिन्हा ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे संवेदनशील दस्तावेज अगर बिना जांच के जारी किए जाएंगे तो यह अवैध घुसपैठियों के लिए नागरिकता का आधार बन सकता है। ऐसे में प्रशासन को बेहद सतर्क रहना होगा।

### दंतैल ने नर्मदापुर सरनापारा में ढहाया ग्रामीण का घर

**अम्बिकापुर।** दल से अलग होकर अकेले घूम रहे दंतैल ने बीती रात मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्मदापुर के सरनापारा में जमकर उत्पात मचाया। दंतैल ने एक ग्रामीण का मकान ढहाने के साथ ही घर में रखा अनाज को चट कर गया। मैनपाट में सक्रिय 13 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल पूरी रात ग्राम कंडराजा में धान की फसल को रौंदता रहा जबकि अकेले घूम रहे दंतैल ने नर्मदापुर सरनापारा में देर रात तक मुन्ना मांझी के घर में तोड़फोड़ मचाता रहा। गांव में दंतैल की मौजूदगी की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने कुछ ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सुबह होने पर दंतैल सीमावर्ती कापू जंगल जबकि 12 हाथी बाय पहाड़ की ओर चले गए। वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि विभाग की अलग-अलग टीमें पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क कर रही है।

### दीक्षारम्भ कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी गई पाठ्यक्रम की जानकारी



**रामचंद्रपुर।** शासकीय महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ.एसके कश्यप ने पूर्व परम्परा और वर्तमान दीक्षारंभ के अंतर को समझाया। डॉ.भूपेन्द्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों एवं पाठ्यक्रम की जानकारी दी। कुमारी उषा, रिया एवं कृष्णा यादव तथा ओमप्रकाश सिंह ने अपना अनुभव साझा किया। अंत में डा.भूपेन्द्र कुमार साहू ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी दी तथा क्रेडिट सिस्टम, एबीसी अकाडेमिक बैंक क्रेडिट के बारे में बताया। प्रो.गुलशन केरकेट्टा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान उदय साहू, मनीष देवांगन, अनिल पासवान, नागेश्वर सिंह, दिवाकर सिंह, सुश्री ममता सिंह, श्रीमती कविता सिंह उपस्थित थीं।

### किसान 266 की खाद को 9 सौ से 1 हजार में खरीदने को मजबूर

# यूरिया की किल्लत से जूझ रहे किसान अनाप-शनाप कीमत पर बेच रहे खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- किसानों ने की कार्रवाई की मांग

खेतों में जहां धान रोपाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अब फसल विकसित होने लगे है। ऐसे में धान की पैदावार अच्छी हो इसके लिए फसल में खाद की जरूरत है। इधर दुकान संचालकों द्वारा एकाएक खाद की कीमत काफी बढ़ा दी है जिससे किसान परेशान है। प्रतापपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी चरम पर है। जो यूरिया शासकीय दर पर 266 प्रति बोरी मिलना चाहिए, वही खुले बाजार में 900 से 1200 तक बेचा जा रहा है। ऐसे में खाद नहीं मिलने से किसान महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर है।

विकासखंड प्रतापपुर के नगर सहित आसपास के गांव में बरसात के मौसम शुरू होते ही खाद बीज की दुकान की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। जो बिना लाइसेंस या कृषि विभाग, खाद विभाग के लिस्ट में नहीं रहते और मनमानी तरीके से दुकान खोलकर अनाप-शनाप दर पर खाद-बीज की बिक्री करते है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को नहीं होती। बावजूद इसके किसी प्रकार की जांच व छापामार कार्रवाई नहीं होने से दुकान संचालकों के हौसले बुलंद है। इधर धान रोपाई के बाद जहां अन्नदाता किसान अपने खेतों की फसलों को बचाने के लिए दुकानों से खाद खरीदते हैं उसकी कीमत में भी अधिक होती है। यूरिया की मार झेल रहे किसानों ने बताया कि शासकीय दर की यूरिया को 900 से 1000 देकर खरीदना पड़ रहा है। कई किसानों का कहना है कि हम चाहकर भी शासकीय दर पर यूरिया नहीं पा रहे, दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं और बिल तक देने से मना कर देते हैं। किसानों ने बताया कि शासकीय रेट पर निर्धारित कर सभी दुकानों में खाद दिया जाता है। बावजूद इसके अधिक दर पर प्रति बोरी दुकानों से खाद लेने को मजबूर है। शासन की अनदेखी और कृषि विभाग की उदासीनता रवैया के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन प्रशासन सहित जिले के अधिकारियों से खाद की बिक्री अनाप-शनाप दर पर किए जाने की शिकायत की गई इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।


गोदाम में रखे यूरिया खाद।

**पड़ रहा अतिरिक्त भार**

किसानों ने बताया कि नगर सहित आसपास गांव में खुले आम खाम की कीमत बढ़ा कर बिक्री की जा रही है। पहले रोपाई के समय डीएपी व इफको खाद के लिए किसान दर-दर भटके, अब यूरिया की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी बाजार में शासकीय दर 266 यूरिया को 1200 तक बेचा रहा है। शासन के निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर खाद बेचने के बावजूद आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों को अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

**फसल पर पड़ रहा विपरीत असर**

किसानों ने बताया कि रोपाई के बाद अब फसल विकसित हो रहे है। धान की पैदावार अच्छी हो इसके लिए वर्तमान समय में फसलों में यूरिया का छिड़काव करना जरूरी। समय पर यूरिया का छिड़काव नहीं होने से इसका विपरीत असर पड़ रहा है। जबकि दुकान में खाद की कीमत में अचानक वृद्धि हो गई है जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर खाद नहीं डाला गया तो इसका सीधा असर पैदावार पर पड़ सकती है।

**की जाती है छापामार कार्रवाई**

प्रतापपुर में खाद की छापामारी कार्रवाई की जाती है मगर कोई पकड़ में नहीं आता। दुकान में भी स्टॉक नहीं होने की बात दुकानदारों द्वारा कही जाती है। अधिक कीमत में खाद बेचते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-शिव शंकर यादव
कृषि विस्तार अधिकारी प्रतापपुर



## गणेश प्रतिमा स्थापित कर की गई विधि विधान से पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

सड़क पारा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सिद्धिविनायक सार्वजनिक गणेश पूजन समिति ने प्रथम पूज्य श्री गणपति की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ किया है।

पिछले वर्ष समिति ने भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के समक्ष करवां स्थित शिव मंदिर परिसर में मंदिर के चारों ओर अहाता निर्माण एवं मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार की मांग रखा गया था। जिस पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मंच से ही इस मांग को जल्द पूरा करने की घोषणा की थी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े की पहल पर अब कार्य पूर्ण होकर तैयार हो चुका है। वर्तमान में इसी परिसर में ही पूजा का आयोजन किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह विकास कार्य न केवल मंदिर परिसर की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और पवित्र वातावरण भी उपलब्ध करा रहा है। इस उपलब्धि से समिति के सदस्य और ग्रामीण दोगुने उत्साह के साथ गणेश पूजन में शामिल हो रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया गया कि सात दिनों तक चलने वाले गणेश पूजन में सायं काल आरती के पश्चात भंडारा व्यवस्था किया गया है। 30 अगस्त को देवी जस गीत गायिका मध्य प्रदेश की गायिका अंजली यादव द्वारा जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी एवं स्थानीय स्तर पर छोटे एवं बड़े बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम, द्वितीय ,तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस वर्ष गणेश चतुर्थी का उत्सव करवां, सड़कपारा, करसु, कसकेला, महेशपुर, गजाधरपुर, लटोरी, जुड़वानी सहित अन्य पंचायतों में भी सार्वजनिक गणेश पूजन बड़े धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। पूजा-पाठ के साथ-साथ कई जगहों पर भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक आरती का आयोजन भी किया जा रहा है। सुबह-संध्या पूजा पाठ से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल निर्मित हो गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शीघ्र मकान निर्माण कार्य पूरा कराने हेतु गावों में लगाई जा रही चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- प्रशासनिक अधिकारी हितग्राहियों से सीधे कर रहे संवाद

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की गति तेज करने के लिए प्रशासन ने आवास चौपालों का आ यो ज न किया जा रहा है । इ सी तारतम्य में कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर, छतरपुर, सुंदरगंज और पाठकपुर में चौपाल लगाकर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।सीईओ ने स्पष्ट कहा कि स्वीकृत आवासों का समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा होना बेहद जरूरी है। उन्होंने हितग्राहियों को भरोसा दिलाया कि शासन की यह योजना गरीबों के सपनों का आशियाना साकार करने के लिए है,इसलिए निर्माण कार्य को टालना नहीं चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्रों को कड़े निर्देश दिए कि सभी हितग्राही को सहयोग प्रदान किया जाए। ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या आर्थिक अड़चन से निर्माण कार्य प्रभावित न हो। साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने स्वयं कई अधूरे मकानों का मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने प्लिंथ स्तर तक तैयार हो चुके मकानों का जायजा लिया और मौके पर ही टैगिंग प्रक्रिया भी पूरी करवाई। जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह ने चौपाल में कहा कि प्रत्येक आवास की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग होगी,यदि कोई हितग्राही योजना से वंचित रह गया है तो उसे चिन्हित कर प्राथमिकता से जोड़ा जाएगा। समय पर निर्माण पूरा करना हितग्राहियों की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रशासन हर कदम पर साथ खड़ा रहेगा।ग्राम पंचायतों में आयोजित इन चौपालों से ग्रामीणों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। कई हितग्राहियों ने मौके पर ही अपने सवाल रखे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया।



## पुलिस को 13 नए वाहन मिलने से गश्त व्यवस्था होगी सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से नए वाहन प्रदाय किए हैं। पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा के विशेष प्रयासों से पुलिस को 12 नई बोलेरो पेट्रोलिंग वाहन एवं 1 नई बारह सीटर बस प्राप्त हुई है। गुरूवार को पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि नए वाहनों के मिलने से गश्त व्यवस्था सुदृढ़ होगी, अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी, आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव होगी तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि नए वाहनों से बल की परिचालन क्षमता में उल्लेशनीय वृद्धि होगी, आधुनिक साधनों के सहयोग से बल किसी भी चुनौती का सामना करने में और अधिक सक्षम होगा और दुरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन, थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, वाहन शाखा प्रभारी एमटीओ विजय सिंह, एएसआई विजय यादव, साईबर सेल प्रभारी उपस्थित रहे।



### हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आया विभाग

# कराया गया बेलजोरा बांध की मरम्मत का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बेलजोरा में क्षतिग्रस्त हुए बांध के हिस्से की मरम्मत करा दी गई है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित करने के साथ ही हरकत में आए अधिकारियों ने युद्ध स्तर पर इंटेकवेल के समीप मरम्मत का कार्य शुरू कराया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। अब अधिकारी बारिश के बाद विस्तृत रूप से बांध के मरम्मत हेतु कार्य योजना बनाने की बात कह रहे है ताकि भविष्य में किसी प्रकार के संकट को टाला जा सके।

बता दें कि ग्राम बेलजोरा में सिंचाई कार्य के लिए अस्सी के दशक में बांध का निर्माण कराया गया था। पूर्व से ही इस बांध की गुणवत्ता सवालों के घेरे में रही है। इस बार सरगुजा में अच्छी बारिश हुई है ऐसे में नदी तालाबों के साथ ही बांध भी भर गए है। संभावना जताई जा रही है कि जल स्तर बढ़ने के कारण बांध के इंटेकवेल के सामने का हिस्सा प्रभावित हो गया था। इंटेकवेल के समीप मिट्टी अंदर धंस गई थी और बांध में लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया था। उस सुराख से होने वाले बांध के पानी का रिसाव अंदर ही अंदर बांध को कमजोर करने लगा था। यह देख ग्रामीण काफी चिंतित हो गए और उन्होंने बांध की हालत देख उसके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए थे। ग्रामीणों की चिंता से अवगत होने के बाद हरिभूमि समाचार पत्र ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद इसका असर भी देखने को मिला। विभागीय अधिकारियों ने बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से में युद्धस्तर पर काम शुरू कराते हुए 24 घंटे के अंदर उसकी मरम्मत करा दी। इंटकवेल का वो हिस्सा जो पानी के दबाव की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया था। मरम्मत के बाद अब वो जगह पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत कराने के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता ए के निरंजन ने बताया कि फिलहाल बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत करा दी गई है। बारिश के बाद बांध के उस हिस्से की विस्तृत रूप से मरम्मत कराई जायेगी।ताकि भविष्य में बांध का वो हिस्सा पूरी तरह सुरक्षित हो सके।



## पत्नी की गला दबाकर की हत्या लाश को तालाब में फेंका

**राजपुर।** सनकी पति ने चरित्र शंका पर अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और लाश को तालाब में फेंक दिया। बड़ी बात यह है कि आरोपी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद ही पुलिस के पास पहुंच गया और घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया इसके साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम ककना खालपारा निवासी 35 वर्षीय सीताराम आ. स्व. बिफन पैकरा का वर्ष 2015 में सुनिता पैकरा से विवाह हुआ था। दोनों के तीन बच्चे भी है। 27 अगस्त को सीताराम पैकरा ने चौकी में आकर खुद ही पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं था और इसी बात से दुखी होकर उसने 12 से 1 बजे के बीच तालाब के समीप प्लास्टिक बोरा से बने सफेद रंग की रस्सी से पत्नी का गला घोंट दिया और फिर लाश को तालाब में फेंक दिया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस में भी हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तालाब से मृतिका की लाश को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान मृतिका के गले में सफेद रंग की प्लास्टिक रस्सी भी बंधी हुई थी। पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया।





# लालबागचा राजा के दर्शन करने सिद्धार्थ संग पहुंची जाह्नवी...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी आज रिलीज हो रही है। दोनों इस फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले दोनों लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान का दोनों का वीडियो सामने आया है। हालांकि, भीड़ में जाह्नवी थोड़ी अनकंफर्टेबल दिखती हैं। वीडियो में आप देखेंगे कि जाह्नवी भीड़ में आगे जाती हैं। उनके एक्सप्रेशन से साफ पता चल रहा है कि वह भीड़ में परेशान हो रही हैं। उसके पीछे वहीं सिद्धार्थ नजर आ रहे हैं। एक ने कमेंट किया, 'ऐसे भीड़ में क्यों भेजा, अगर वह अनकंफर्टेबल है तो?' जाह्नवी को कितना अजीब लग रहा है, समझ सकते हैं।

लाइफ Style



# मोनालिसा

## मलयालम फिल्म नागम्मा में आएंगी नजर

प्रयागराज महाकुंभ से अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर माला विक्रेता मोनालिसा खूब लोकप्रिय हुईं। किस्मत उन पर इस कदर मेहरबान हुई कि वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वे बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में पहले से काम कर रही हैं, इस बीच उनके हाथ एक साउथ फिल्म लगी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वायरल गर्ल मोनालिसा मलयालम फिल्म नागम्मा में नजर आएंगी। माला विक्रेता मोनालिसा भोसले आगामी मलयालम फिल्म नागम्मा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी हुई, इसमें भी मोनालिसा ने शिरकत की। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें भी शेयर कीं। मोनालिसा ने आगामी मलयालम फिल्म की पूजा सेरेमनी की जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें उनके साथ नीलाथमारा के एक्टर कैलाश भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में मोनालिसा कैलाश के अपोजिट दिखाई देंगी। कार्यक्रम में फिल्म निर्माता सिबी मलयिल भी मौजूद थे। पी बीनू वर्गीस इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। वहीं, जीली जॉर्ज फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। नागम्मा में मोनालिसा महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। मोनालिसा, इंदौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर महेश्वर की रहने वाली हैं। वे इस साल प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया सेंसेशन बन गईं। मोनालिसा वहां माला बेचने गई थीं। अपनी खूबसूरत आंखों के चलते वे आकर्षण का केंद्र बन गईं। फिल्म नागम्मा की शूटिंग सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है। मोनालिसा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है।

## हॉलीवुड मसाला




# लिंकिन पार्क का प्रदर्शन अब भारत में

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क अब भारत में भी अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत मुंबई से होगी। फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर के तहत बैंड का यह पहला कार्यक्रम भारत में होने वाला है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। बैंड ने बताया कि वह लोलापालूजा इंडिया में प्रस्तुति देने वाले हैं। अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क ने घोषणा कि वे 25 जनवरी, 2026 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में लोलापालूजा इंडिया में परफॉर्म करेंगे।



# शेखा महरा ने की रैपर फेंच मोंटाना से सगाई

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्कन-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना और दुबई की राजकुमारी शेखा महरा इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों ने हाल ही में अपनी सगाई की पुष्टि की है। यह सगाई पेरिस फैशन वीक के दौरान हुई, जहां फ्रेंच मोंटाना ने अपनी लेडी लव शेखा महरा को अंगूठी पहनाई। खबर सामने आने के बाद दुनियाभर के फैन्स हैरान रह गए, क्योंकि महरा ने कुछ महीने पहले ही अपने पहले पति से तलाक लिया था। शेखा महरा दुबई के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। महरा की मां जोई ग्रिगोराकॉस ग्रीस से हैं और अब अपने पति से अलग रह रही हैं। तलाक के कुछ ही समय बाद शेखा की मुलाकात फ्रेंच मोंटाना से हुई।



# रिलीज हुआ शिल्पा की फिल्म का पोस्टर

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की मशहूर अदाकारा शिल्पा शिरोडकर एक लंबे अंतराल के बाद फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म का नाम जटधारा है और गुरुवार के दिन इसका पहला लुक जारी किया गया है। इस पोस्टर में शिल्पा शिरोडकर का अंदाज रहस्यमयी और बेहद ताकतवर दिखाई दे रहा है। उनके किरदार का नाम शोभा है। जटाधारा एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है। अभी तक इस फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है। बस पहला पोस्टर आउट किया और फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में जानकारी दी है। इस फिल्म में शिल्पा शिरोडकर के साथ सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। यूं तो ये तेलुगू फिल्म है, लेकिन इसे हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। लोगों को शिल्पा की फिल्म का पोस्टर पसंद आ रहा है।



# परिवार के साथ मनाई गणेश चतुर्थी...

**मुंबई।** सलमान खान हर साल गणेश चतुर्थी परिवार के साथ सेलिब्रेट करते हैं। अब इस साल भी सलमान ने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ गणेश चतुर्थी सेलिब्रेट की। इस सेलिब्रेशन का वीडियो सामने आया है जहां सलमान के पैरेंट्स भाई, दोनों बहनें और उनका परिवार और उनके दोस्त भी अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। सलमान ने खुद वीडियो शेयर किया है, जिसकी शुरुआत होती है गणपति बप्पा से जिन्हें काफी खूबसूरती से सजाया है। पहले सलमान की मां सलमा और पिता सलीम खान आरती करते हैं साथ में। इसके बाद सोहेल खान आरती करते हैं। इसके बाद सलमान खान आरती करते हैं फिर अरबाज, बहन अलवीरा और छोटी बहन अर्पिता आरती करते हैं। सलमान के भांजे और भांजी इस दौरान नजर आ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# गाय के साथ शूट करना मेरे लिए जीवन बदलने वाला अनुभव

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की उभरती हुई अभिनेत्री हरलीन कौर रेखी वर्तमान में 'कामधेनु गौ माता' शो में में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस शो में उनका किरदार और उनके ऑन-स्क्रीन गाय साथी, कपिला, दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। हाल ही में हरलीन ने अपने अनुभव, चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नए अवसरों के बारे में खुलकर बातचीत की। हरलीन ने बताया, 'कपिला, जो कामधेनु माता की भूमिका निभाने वाली गाय है, उसके साथ रिश्ता बनाना बहुत जरूरी और चुनौतीपूर्ण था। स्क्रीन पर कपिला के साथ जुड़ना मेरे किरदार के लिए बहुत अहम था। शुरुआत में मैं थोड़ी हिचकिचा रही थी, क्योंकि मैंने पहले कभी किसी जानवर के साथ इतना करीब से काम नहीं किया था। लेकिन, कपिला बहुत प्यारी और मिलनसार थी। धीरे-धीरे यह रिश्ता बन गया और सिर्फ रोल निभाने में मदद नहीं की, बल्कि मेरे अंदर आध्यात्मिक समझ और ब्रह्मांड के साथ मेरा जुड़ाव भी गहरा हुआ।' हरलीन ने आगे बात करते हुए कहा, 'कपिला और शो के माहौल के साथ काम करने से मुझे अपने अंदर झांकने और आत्म-समझ विकसित करने में मदद मिली। जानवरों के साथ काम करना और शो की कहानी में हिस्सा लेना मेरे व्यक्तित्व और सोच को समझने में मदद करता है।

## तान्या मित्तल ने किया खेला मां-बेटे के रिश्ते में डाली दरार

**नई दिल्ली।** बिग बॉस सीजन 19 में ड्रामा और साजिश का लेवल हर नए दिन बढ़ता ही जा रहा है। इस सीजन की शुरुआत से ही कंटेस्टेंट्स के बीच टकराव देखने को मिला, लेकिन अब घर के अंदर रिश्तों पर भी



साजिश का जहर असर दिखाने लगा है। खासकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद के बीच बना मां-बेटे का रिश्ता, जो दर्शकों को अब तक सबसे प्यारा लग रहा था, वो भी टूटने की कगार पर पहुंच चुका है। इस पूरी साजिश के पीछे हैं तान्या मित्तल। शो के पहले ही हफ्ते में गौरव खन्ना और अभिनेत्री कुनिका सदानंद के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। कुनिका ने काफी जगहों पर कहा कि गौरव उनके बेटे की उम्र के हैं। लेकिन बिग बॉस के घर में स्थायी रिश्ते टिकते कहां हैं? यही हुआ इस रिश्ते के साथ भी। नए एपिसोड के प्रोमो में दिखाया गया कि तान्या मित्तल ने बड़ी चतुराई से कुनिका के कान भरने शुरू किए। उन्होंने कुनिका से कहा कि उनका सबसे करीबी रिश्ता गौरव से नहीं, बल्कि उन्हीं से है।

# एक ही परिवार ने बनाई पांच धांसू फिल्में सभी में नजर आया एक जैसा पैटर्न

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई परिवार फिल्म मेकिंग के बिजनेस से जुड़े हैं। बॉलीवुड में एक ऐसा परिवार है जिसके सदस्यों ने समय-समय पर 5 ऐसी फिल्में बनाईं, जिनका पैटर्न काफी हद तक ऐसा जैसा ही था। इन पांचों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। सभी फिल्में ब्लॉकबस्टर निकलीं और सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। हम बात कर रहे हैं भट्ट फैमिली और उनके रिश्तेदारों की। फिल्मकार महेश भट्ट और उनके परिवार से जुड़े सदस्यों ने पिछले 34 साल में पांच ऐसी फिल्में बनाईं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।*

***आशिकी*** : सबसे बात करते हैं 1990 में आई आइकॉनिक रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म आशिकी की। इस फिल्म को महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। राहुल रॉय, अनु अग्रवाल, दीपक तिजोरी लीड रोल में थे। नदीम-श्रवण का म्यूजिक, समीर के गीत सुपरहिट रहे थे। दिल का आलम, बस एक सनम चाहिए, नजर के सामने और धीर धीरे से मेरी जिंदगी में आना जैसे गानों ने 90 के दशक में धूम मचा दी थी। हर गली-मोहल्लों, बस-ऑटो, पान की दुकानों पर ये गाने सुनाई देते थे। 90 लाख के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

***राजा हिंदुस्तानी*** : 1996 में महेश भट्ट के भांजे धर्मेश दर्शन एक फिल्म लेकर आए थे। नाम था : राजा हिंदुस्तानी। करीब 5 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने वर्ल्डवाइड 76 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। यह फिल्म 1996 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर साबित



हुई थी। फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और इमोशन्स का पूरा डोज था। नदीम-श्रवण के म्यूजिक से सजी इस फिल्म के गाने बहुत पॉप्युलर हुए थे 'परदेसी परदेसी जाना नहीं' तो सबसे ज्यादा सुना गया था।

***राज़*** : महेश भट्ट 2002 में एक बार फिर से महेश भट्ट ने पर्दे पर वापसी की। इस बार वह हॉरर-रोमांटिक फिल्म 'राज़' लेकर आए थे। हॉरर जॉनर की इस फिल्म में बिपाशा बसु और डिनो मोरिया लीड रोल में थे। 5 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 37 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। यह उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

***आशिकी 2*** : 2013 में महेश भट्ट के भांजे मोहित सूरी के निर्देश में बनी फिल्म 'आशिकी 2' रिलीज हुई थी जिसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर थे. इस फिल्म का म्यूजिक भी कमाल का था। खासकर 'तुम ही हो' और 'सुन रहा है ना तू' गाना बहुत पॉपुलर हुआ था। ये 1990 की 'आशिकी' का सीक्वल थी। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

**सैयारा** : 2025 में पूरे 12 साल बाद मोहित सूरी के निर्देशन में बनी एक और रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। 18 जुलाई 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड रोल में नजर आए। फिल्म को लेकर युवाओं में एक अलग ही क्रेज देखने को मिला।

# नए लुक में दीपिका के साथ बप्पा का आशीर्वाद लेते दिखे रणवीर

**मुंबई।** गणेश चतुर्थी का त्योहार बॉलीवुड सितारों के लिए हमेशा खास रहा है। इस बार अंबानी परिवार के एंटीलिया स्थित वार्षिक गणेश पूजा में बॉलीवुड का पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण सुर्खियों में रहा। लंबे समय से अपने गाढ़ी दाढ़ी और लंबे बालों वाले लुक में दिख रहे रणवीर इस बार एकदम अलग अंदाज में नज़र आए। उन्होंने दाढ़ी-मूंछ साफ कर क्लीन-शेव लुक अपनाया, जो उनके आने वाली जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' से एकदम हटकर है। इस इवेंट के दौरान दीपिका और रणवीर ने सिंगर हर्षदीप कौर और उनके पति से भी मुलाकात की। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दोनों कपल्स साथ में पोज देते हुए नजर आए। इस बार का गणेश चतुर्थी कपल के लिए और भी मायने रखता है, क्योंकि यह उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह के जन्म के बाद पहली गणेश चतुर्थी है। दुआ अभी कुछ ही दिनों में अपना पहला जन्मदिन मनाने वाली हैं। गौरतलब है कि दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी की तस्वीरों को सार्वजनिक न



करने का फैसला लिया है। हाल ही में एयरपोर्ट पर एक फैन द्वारा चुपके से वीडियो बनाने की कोशिश पर दीपिका ने नाराजगी भी जताई थी। कुछ समय पहले दिए एक इंटरव्यू में रणवीर ने दीपिका के मातृत्व को लेकर भावुक बयान दिया था। उनके मुताबिक, दीपिका अब तक की अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रही हैं।

## असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल की कहानी किसी हीरो से कम नहीं रही

# वो एक्टर जो दिन में खोजते थे फिल्मों में चांस और रात को करते थे होटल में काम

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की दुनिया बाहर से देखने पर जितनी भी चमकदार दिखती है, अंदर से उतनी ही स्ट्रगल से भरी होती है। हर एक्टर और एक्ट्रेस की बॉलीवुड के कदम रखने की अपनी-अपनी वजह और कहानी है। कुछ कलाकार इन कहानियों को कभी दुनिया के सामने नहीं लाते तो कुछ वक्त के साथ खुलकर बताते हैं कि उन्होंने फिल्मों में आने का सफर कैसे तय किया। आज हम ऐसे ही एक्टर की कहानी लेकर आए हैं जिन्होंने ज्यादातर फिल्मों में भले ही लीड रोल न निभाया हो, लेकिन असल जिंदगी में उनके स्ट्रगल की कहानी किसी हीरो से कम नहीं रही। फिल्मी दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए दीपक तिजोरी दिन में प्रोड्यूसर्स के दफ्तरों के चक्कर लगाते थे और रात को होटल में काम करते थे। दीपक तिजोरी का परिवार मूल रूप से गुजरात के मेहसाणा से था। उनके परदादा तिजोरियां बनाने का काम करते थे, इसी वजह से दीपक का सरनेम 'तिजोरीवाला' पड़ गया, जो वक्त के साथ 'तिजोरी' हो गया। दीपक तिजोरी के पिता गुजराती वैष्णव और मां पारसी ईरानी थीं। मां को फिल्मों में काम करने का शौक था, लेकिन परिवार के रूढ़िवादी होने की वजह से उनका सपना अधूरा रह गया। हालांकि, उन्होंने अपने बेटे दीपक को एक्टिंग की दुनिया में जाने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।*

### असल दुनिया में कदम रखते ही झटका लगा

दीपक की पढ़ाई मुंबई के नरसी मोनजी कॉलेज से हुई, जहां से उन्हें एक्टिंग में गहरी रुचि जगी। कॉलेज के दिनों में उन्होंने थिएटर ग्रुप जॉइन किया और यहीं उनकी मुलाकात आमिर खान, आशुतोष गोवारिकर, परेश रावल जैसे कई कलाकारों से हुई, जो आगे चलकर बड़े नाम बने। कॉलेज में दीपक हर प्ले में हीरो का रोल निभाते थे और उन्हें भरोसा हो चला था कि कॉलेज से निकलते ही उन्हें फिल्मों में भी हीरो बनने का मौका मिल जाएगा, लेकिन असल दुनिया में कदम रखते ही उनकी इस सोच को झटका लगा।

### घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी

कॉलेज खत्म होते ही जब दीपक ने फिल्मों में काम खोजना शुरू किया तो उन्हें समझ आ गया कि यहां बिना किसी पहचान के आगे बढ़ना आसान नहीं है। घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। पिता की आमदनी सीमित थी और बड़े भाई के कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी थी। ऐसे में दीपक ने रात में बांद्रा के होटल में फ्रंट डेस्क पर काम शुरू कर दिया, ताकि दिन में वह फिल्म स्टूडियो और प्रोड्यूसर्स के दफ्तर जा सकें। यह उनके जीवन का सबसे कठिन और उन्हें सबसे मजबूत बनाने वाला समय था। दिनभर स्ट्रगल और रातभर काम, कुछ इस तरह उन्होंने अपने सपने को जिंदा रखा।





### आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला

धीरे-धीरे दीपक को छोटे-मोटे मॉडलिंग असाइनमेंट मिलने लगे और फिर एक दिन उन्हें एक्टर अवतार गिल का फोन आया। उन्होंने बताया कि महेश भट्ट उन्हें ढूंढ रहे हैं। दीपक ने तुरंत उनसे सम्पर्क किया और तब जाकर उन्हें फिल्म आशिकी में एक दोस्त का किरदार मिला। यह रोल छोटा जरूर था, लेकिन असरदार इतना था कि इसके बाद दीपक को एक के बाद एक फिल्में मिलती गईं। सड़क, दिल है कि मानता नहीं, खिलाड़ी, जो जीता वही सिकंदर, कभी हां कभी ना और अंजाम जैसी सुपरहिट फिल्मों में बतौर को-एक्टर काम किया। इन फिल्मों में उनकी भूमिकाओं को आज भी याद किया जाता है।

### लीड एक्टर बनने की ख्वाहिश धुंधली

फिल्मों में लगातार दोस्त या साइड रोल करने के बाद दीपक तिजोरी को अगस्त 1993 में रिलीज हुई फिल्म पहला नशा' में बतौर लीड एक्टर काम मिला। फिल्म में शाहरुख खान और आमिर खान जैसे नाम भी गेस्ट अपीयरेंस में थे। अच्छी स्टारकास्ट के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसी के साथ दीपक की लीड एक्टर बनने की ख्वाहिश धुंधली पड़ गई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। एक्टिंग से हटकर उन्होंने फिल्म निर्देशन में भी किस्मत आजमाई।

## खबर संक्षेप

### गुड्स ट्रांसपोर्ट्स एसो ने की पार्किंग की मांग



**राउरकेला।** औद्योगिक नगरी राउरकेला देश के परिवहन तंत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र है जहां प्रतिदिन हजारों मालवाहक गाड़ियों का आना जाना होता है। बावजूद इसके यहां अब तक स्थायी पार्किंग व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे ट्रांसपोर्टर्स लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव मानस महंती ने बताया कि पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गाड़ियों को इधर उधर खड़ा करना मजबूरी बन गया है। इस दौरान चालकों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूले जाते हैं लेकिन इसके बावजूद गाड़ियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं रहती। बैटरी, टायर, टर्मिनल वायर, डिज़ल और अन्य सामानों की चोरी आम बात हो गई है। महंती ने कहा कि पुलिस डीआईजी के हस्तक्षेप से अस्थायी रूप से नो.पार्किंग फाइन से राहत मिली है, लेकिन स्थायी समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही स्थायी पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई तो राउरकेला में मालवाहक गाड़ियों की संख्या में कमी आ सकती है, जो स्थानीय उद्योग और व्यापार के लिए चिंता का विषय होगा वहीं आम जनमानस को कृत्रिम महंगाई का मार झेलना पड़ सकता है।

### कलुंगा स्टेशन पर दो ट्रेनों के ठहराव की मांग

**राउरकेला।** औद्योगिक नगरी राउरकेला के समीप स्थित कलुंगा रेलवे स्टेशन पर हावड़ा जगदलपुर एक्सप्रेस संबलेश्वरी एवं दानापुर दुर्ग एक्सप्रेस साऊथ बिहार के ठहराव की मांग को लेकर कलुंगा विकास परिषद ने आवाज बुलंद की है। परिषद के प्रतिनिधियों ने स्टेशन मैनेजर के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सुंदरगढ़ सांसद जुएल ओराम, दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम और डीआरएम चक्रधरपुर को ज्ञापन भेजा। साथ ही मांगे नहीं पूरी होने पर रेल रोको आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा गया है कि कलुंगा क्षेत्र प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में लोग कार्य और आवागमन के लिए निर्भर रहते हैं। इसके बावजूद यहां यात्रियों की सुविधा के अनुरूप ट्रेन ठहराव नहीं है, जिससे उन्हें भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। प्रतिनिधियों ने क्षोभ जताया कि जहां बिसरा स्टेशन पर 10 ट्रेनों का ठहराव स्वीकृत हुआ, वहीं कलुंगा की पुरानी मांग अब तक अधूरी है। इस अवसर पर एके प्रधान, संजीत साहू, एमएल मंडल, पुरम महत्तू, ठाकुर बाबू, शंकर यादव, ओंकार पांडा, श्रीकांत पटेल, शतपथी बाबू, एमडी रजक, एमडी ताजुद्दीन खान, एमडी सदाब खान, आसिफ खान, डमरू साहू और वीके नाइक सहित कई प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### आरोपी ने कबूल ...

आरोपी सुखनंदन भूइहर को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 28 अगस्त को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।पुलिस की प्रोफेशनल जांच- इस सनसनीखेज मामले को सुलझाने में चौकी प्रभारी कोतबा उपनिरीक्षक बृजेश यादव, आरक्षक बूटा सिंह, अभय चौबे, सुशील तिर्की, निर्मल नाग और अमित साय की अहम भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस ने बेहद प्रोफेशनल तरीके से इस हत्या के प्रकरण की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।"

### तैराकी में खत्म ...

युवा शक्ति को प्रशिक्षित कर जशपुर के साथ देश और प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीतने की है। एकलव्य के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीत कर जिलेवासियों की इस उम्मीद को एक नई रोशनी दिखाई है।**मुख्यमंत्री साय ने खिलाड़ियों के लिए की सौगातों की बौछार-** जिले के खिलाड़ियों की मिल रही सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खिलाड़ियों को दिल खोल कर खेल मैदान सहित अन्य संसाधनों का उपहार दिया है। जिले के सन्ना में आधुनिक सुविधाओं से लैस तीरंदाजी अकादमी शुरू करने के साथ ही शहर के रणजीता स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ ग्रास और एलईडी डिस्प्ले लगाने की घोषणा हो चुकी है। जिला मुख्यालय जशपुर में एस्ट्रो टर्फ हाकी मैदान के पास बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण जारी है। इसके साथ ही कुनकुरी में स्पोर्ट काम्प्लेक्स और नगरीय क्षेत्र से लेकर गांव तक के स्टेडियम व मैदानों की जीणोधार की स्वीकृति दी जा रही है। खेल के आधारभूत ढांचा में सुधार होने से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार होना तय माना जा रहा है।

## समारोह स्थल में देर रात तक जमे रहे दर्शक, तालियों की होती रही गड़गड़ाहट

# कुमार विश्वास के ओजस्वी कविता पाठ से गूंजा चक्रधर समारोह, दर्शक भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के मंच पर सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास की ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण काव्य पाठ ने समा बाँध दिया। उनकी कविताओं और गीतों ने दर्शकों को हँसी भावुकता और विचारों की गहराई से भर दिया।

डॉ.कुमार विश्वास ने जब अपनी लोकप्रिय पंक्तियाँ तुझी से शाम हो जाना, तुझी से भोर हो जाना सुनाईं तो पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूँज उठा। उन्होंने अपने काव्य पाठ में मिले हर जख्म को मुस्कान से सीना नहीं आया, अमरता चाहते थे पर जहर पीना नहीं आया जैसी मार्मिक रचनाएँ भी प्रस्तुत कीं। इन पंक्तियों ने श्रोताओं को जीवन की विडंबनाओं और मानवीय संवेदनाओं की सजीव अनुभूति कराई। इसके साथ ही उनकी प्रसिद्ध रचना कोई दीवाना कहता है, कोई पागल कहता है पर श्रोताओं ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाईं। उनके व्यंग्य शेरो शायरी और सहज शैली ने कार्यक्रम को और भी रोचक और अविस्मरणीय बना दिया। समारोह में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गूँज से अपने प्रिय कवि का स्वागत किया। डॉ. कुमार विश्वास की प्रस्तुतियों ने न केवल मंच की शोभा बढ़ाई बल्कि श्रोताओं के दिलों में साहित्य और कविता के प्रति गहरी छाप भी छोड़ी।

### राष्ट्रभाषा को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने वाले कवि

कवि डॉ. कुमार विश्वास युवा पीढ़ी के अत्यंत कलाकार है। उन्होंने देश की राष्ट्र भाषा हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। उनका जन्म 10 फरवरी 1970 को हुआ। कवि डॉ. कुमार विश्वास की साहित्य में बहुत रुचि है। 2001 में उन्हें शोध के लिए पुरस्कृत भी किया गया है। उनके द्वारा फिल्मों में भी गीत लिखे गए है। उन्होंने रामकथा को भाव पूर्ण प्रस्तुत किया है। वे लेखनी, वाणी और कलम के धनी है। वे व्यंग्य बहुत ही पैनी प्रस्तुत करते है। उनके साथ युवा गीतकार गौरव साक्षी, आगरा से आए वीर रस के युवा कवि ईशान देव, हास्य कवि दिनेश गौरवा और सुश्री अल्पना आनंद ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागणों ने डॉ. कुमार विश्वास की कविताओं को न केवल सुना, बल्कि उनकी भावनाओं को आत्मसात भी किया। पूरा माहौल साहित्य और काव्यरस से सराबोर हो गया। चक्रधर समारोह का यह कवि सम्मेलन श्रोताओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ।

### राजेंद्र गंगानी के कथक से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



रायगढ़ में आयोजित हो रहे चक्रधर समारोह के मंच पर दिल्ली से पधारे देश के प्रख्यात कथक नर्तक पंडित राजेंद्र गंगानी ने अपनी मोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के 40वें संस्करण की शुरुआत उनके प्रस्तुति से हुई। जयपुर घराने के वरिष्ठ कलाकार पंडित गंगानी ने अपनी अद्भुत नृत्य शैली में पारंपरिक कथक की झलक प्रस्तुत की। महज चार वर्ष की आयु से उन्होंने नृत्य साधना प्रारंभ की थी। वर्ष 2003 में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्हें अनेक पुरस्कार और अलंकरण प्राप्त हुए हैं। उनकी कला में परंपरा और आधुनिकता का अद्वितीय संगम देखने को मिलाए जिसने श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# पुसौर में गणेश उत्सव की धूम, नगर में उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत पुसौर में इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और निजी आवासों में भगवान गणेश की प्रतिमाएँ स्थापित कर भक्तजन पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन में रमे हुए हैं। इस दौरान पुसौर के 15 वार्डों में उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है।

■ नगर पंचायत में जगह जगह विराजमान हैं गजानन

कोल्तापारा मोहल्ला में गणेश युवा समिति द्वारा वर्षों से गणेश स्थापना की परंपरा जारी है, हालांकि इसका वास्तविक आरंभ वर्ष किसी को याद नहीं। इसके अलावा श्री रामयुवा समिति, अमरज्योति युवा समिति और चैतन्य युवा समिति सहित गली-मुहल्लों के 8-10 लोगों के छोटे समूह और व्यक्तिगत रूप से लगभग 300 से अधिक स्थानों पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष उमेश साव ने सोशल मीडिया के माध्यम से सभी नगरवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने स्वयं अपने घर में भी गणेश स्थापना कर परिवार के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर नगरवासियों में एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का अनुभव हुआ।

### स्थानीय कलाकारों का योगदान

गणेश महापर्व के अवसर पर छुपी कला और प्रतिभा भी सामने आती है। चौहान मोहल्ला के कलाकार शौकीलाल चौहान और उनके भाई श्याम लाल चौहान ने बाजार से मूर्ति लाने के बजाय स्वयं गणेश प्रतिमा का निर्माण किया और इसे स्थापना के लिए प्रस्तुत किया। इस पहल की नगरवासी खुले दिल से सराहना कर रहे हैं। पुसौर में गणेशोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि नगर की सांस्कृतिक चेतना और स्थानीय प्रतिभा का प्रतीक बनकर उभरा है।

# एनिमल लवर ग्रुप ने उठाई शेल्टर की मांग, मंत्री चौधरी ने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर में बेजुबान पशुओं के लिए सुरक्षित आश्रय और बेहतर देखभाल की मांग अब जोर पकड़ रही है।

इसी सिलसिले में रायगढ़ एनिमल लवर ग्रुप ने छत्तीसगढ़ के वित्त एवं पर्यावरण मंत्री तथा रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी से मुलाकात की और शहर में पशुओं के लिए शेल्टर होम की मांग रखी। ग्रुप ने मंत्री के सामने बताया कि दिल्ली एनसीआर जैसे महानगरों में पशुओं पर हो रहे अत्याचारों की घटनाएं चिंता का विषय हैं। रायगढ़ को इससे अलग और पशु अनुकूल शहर बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने एक सर्वसुविधायुक्त पशु शेल्टर बनाने की मांग रखीए जहां बेजुबान पशुओं को रहने, खाने-पीने और चिकित्सा की उचित सुविधा मिल सके। इसके साथ ही सड़कों पर रहने वाले पशुओं के लिए नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच शिविरों की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया, ताकि रेबीज जैसी खतरनाक बीमारियों को समय रहते रोका जा सके।

### मंत्री ओपी ने दिया आश्वासन

मंत्री ओपी चौधरी ने ग्रुप की मांगों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि चंद्रधर समारोह के बाद इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा बेजुबानों का दर्द हमारा दर्द है। उनके कल्याण के लिए आपका प्रयास सराहनीय है और मैं इस मुहिम में आपका साथ दूंगा। रायगढ़ एनिमल लवर ग्रुप की इस पहल को लेकर स्थानीय लोगों में सकारात्मक चर्चा है। ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि वे बेजुबानों की आवाज बनकर उनके लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बिहार के कैमूर में ऑब्जर्वर बने आकाश

**पुसौर।** कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा को बिहार के कैमुर जिले की बबुआ विधानसभा में आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। 28 जुलाई से वे इस महत्वपूर्ण कार्यभार को संभाल रहे हैं और कांग्रेस के उम्मीदवार चयन प्रक्रिया, मतदाता संपर्क और चुनावी रणनीति में अपनी विशेषज्ञता का योगदान दे रहे हैं। आकाश मिश्रा बिहार के पटना स्थित सदाकत आश्रम में कांग्रेस प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कर रहे हैं। वे गलत तरीके से वोटर लिस्ट से काटे गए नामों की जानकारी जुटाकर संबंधित नागरिकों तक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा जनकल्याणकारी रैलियों में भागीदारी कर रहे हैं और टिकटार्थियों को कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी से भेंट कराने की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस सचिव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य के रूप में आकाश मिश्रा को जनता के बीच माहौल समझने और उन्हें मोटिवेट करने की कला अच्छी तरह से आती है।

### जिले के 1.85 लाख किसानों के खाते में सीधे पहुंची राशि

# सीएम किसान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़



जिला संस्कृति भवन में सीएम किसान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर भुवनेश्वर स्थित ओयूएटी सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य के 51 लाख से अधिक किसानों के खातों में रबी 2025-26 की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी और सम्मानित अतिथि के रूप में ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं तलसरा विधायक भवानी शंकर भोई उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मंच पर मौजूद थे। श्री भोई ने कहा कि किसानों के सशक्तिकरण के लिए सरकार अनेक योजनाएँ चला रही है और सीएम किसान योजना उनमें प्रमुख है। इसे उन्होंने किसानों के लिए अक्षय पात्र बताया। वहीं पुजारी ने कहा कि किसान समाज को पोषण देने वाले असली अन्नदाता हैं। उन्होंने नुआखाई पर्व की सामाजिक एकता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सबके सहयोग से ही राज्य का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर सुंदरगढ़ जिले के 1,85,955 किसानों के बैंक खातों में सहायता राशि सीधे ट्रांसफर की गई। इनमें सबसे अधिक लाभ नूआगांव ब्लॉक के 15,549 किसानों को मिला। अन्य ब्लॉकों के हजारों किसान भी योजना से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में किसान पंजीकरण व योजना के सफल क्रियान्वयन में योगदान देने वाले क्षेत्रीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य जिला कृषि अधिकारी लालबिहारी मलिक ने कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी और अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर एनआईसीए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कृषि विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अधूरी सड़क में टोल टैक्स वसूलने से नाराजगी

**राउरकेला।** इस्पात नगरी राउरकेला को देश के विभिन्न गंतव्यों से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अधूरा होने के बावजूद टोल वसूली शुरू होने से लोगों में नाराजगी है। परियोजना अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने हाई टेंशन तारों का हवाला देते हुए कहा कि इन्हें हटाने की प्रक्रिया चल रही है। तार हटने के बाद मार्ग आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

हालांकि वर्षों बाद भी सड़क का पूरा न होना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। वेदव्यास थाना क्षेत्र के पास बार बार सड़क का टूटना और गड्ढों का बनना गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राउरकेला जैसी इस्पात नगरी में बेहतर सड़क व्यवस्था बेहद जरूरी है। उद्योग और संस्थानों के महत्व को देखते हुए इस मार्ग का शीघ्र उद्घाटन और गुणवत्तापूर्ण निर्माण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एंव सलाहकार मंडल के सदस्य राममेहर शर्मा ने कड़ा रोष जताते हुए इस भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन इस मार्ग को शीघ्रताशिघ्र खोलने का कार्य करें।



# कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना शीघ्र हो : यादव

**राउरकेला।** कृषि प्रधान जिला सुंदरगढ़ में लंबे समय से कृषि विज्ञान केंद्र.2 की स्थापना की मांग की जा रही हैए लेकिन यह अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। जबकि ओयूएटी भुवनेश्वर ने 27 नवंबर 2024 को ही विशेष सचिव, कृषि एवं सिंचाई विभाग, ओडिशा सरकार को भूमि आवंटन हेतु निर्देश जारी किए थे। इसके बाद 22 जनवरी 2025 को डिप्टी सेक्रेटरी गिरधारी नायक ने भी इसे अर्जेंट बेसिस पर पूरा करने के लिए आदेश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।भाजपा नेता रमेश अग्रवाल ने इसके लिए लगातार सार्थक प्रयास किएए लेकिन केंद्र की स्थापना अभी तक अधर में है। इस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने कहा कि रमेश अग्रवाल का योगदान सराहनीय है व अन्य सभी इस ऐतिहासिक कदम के लिए अपना योगदान दें स उन्होंने अपील की कि यदि सभी दलों के नेता दलगत भावना से ऊपर उठकर प्रयास करें तो राउरकेला में जल्द ही कृषि विज्ञान केंद्र 2 की स्थापना संभव हो सकेगी।डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य में डबल इंजन सरकार होने के कारण यह कार्य सुगमता से किया जा सकता है। उन्होंने इसे जिले ही नहीं अपितु आँचलिक किसानों के हित में अत्यंत आवश्यक बताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की व एनडीए के मुखिया मोहन माझी से जरूरी हस्तक्षेप की मांग की।

## रायगढ़-पुसौर सहित जिलेभर में दिखा सांस्कृतिक रंग

# नुआखाई पर नए अन्न के संग मांगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पश्चिम ओडिशा और छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती संस्कृति का सबसे बड़ा कृषि पर्व नुआखाई गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव-गांव और शहर के मोहल्लों में लोग स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और अपने आराध्य देवी-देवताओं व पूर्वजों की स्तुति कर नए धान का प्रसाद अर्पित किया। परिवार के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

पुसौर, रायगढ़ और आसपास के गांवों में स्थित मां संबलेश्वरी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता को नए अन्न का भोग अर्पित कर समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर संबलपुरी गीत-संगीत और ढोल-झांझर की थाप से देर तक गूंजता रहा। वहीं घरों में भी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं। त्योहार के अवसर पर घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बने। कुछ परिवारों ने कोरिया के पत्तों पर ही नए अन्न का प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा निभाई गई। छोटे-बड़े सभी ने अपने घर के बुजुर्गों को प्रणाम कर नुआखाई जुहार भेंट किया और आशीर्वाद लिया।

### जुहार भेंट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी

त्योहार को लेकर अब रायगढ़ और पुसौर क्षेत्र में विभिन्न समाजिक संगठनों द्वारा नुआखाई जुहार भेंट के कार्यक्रम तय किए गए हैं। आगामी दिनों में बड़े स्तर पर शोभायात्राएं, संबलपुरी नृत्य-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। भोलिया समाज द्वारा इसके लिए भव्य स्तर पर तैयारी चल रही है। जानकारी के अनुसार पूरे समाज द्वारा नुआखाई को भव्य रूप में एक साथ मनाया जाएगा।

### एकता और पारिवारिक बंधन का प्रतीक

नुआखाई को किसान-मजदूरों की एकता और पारिवारिक बंधन का पर्व कहा जाता है। यह त्योहार नई फसल से उपजी आशा, भाईचारे और सामूहिकता का संदेश देता है। इस अवसर पर गांव-गांव में मेल-मिलाप हुआ और लोग एक-दूसरे को नुआखाई जुहार कहकर गले मिले।

